पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद गाजियाबाद में देश की प्रथम ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित आंगनवाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन

———————

राज्यपाल ने 05 आंगनवाड़ी किट का किया वितरण

——————

जनपद के 100 आंगनवाड़ी केंद्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित बनाया जाएगा।

——————

माताएं के सशक्त बनने से बच्चे और देश भी सशक्त बनेगा

———————

शिक्षा के साथ साथ बच्चों में संस्कृति और सभ्यता का भी ज्ञान होना चाहिए

——————

ऐसी व्यवस्था की जाएं कि बच्चे बचपन से ही आत्मनिर्भर बन सकें

—————————

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ 04 अगस्त 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद गाजियाबाद के ग्राम मोरटी में रोटरी इन्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 द्वारा देश की प्रथम ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित आंगनवाड़ी का शुभारम्भ किया तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों को किट वितरित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में जनपद में आंगनवाड़ी केन्द्रों में कराये जा रहे सुधारों और डिजिटलीकरण हेतु सभी को बधाई देते हुए कहा कि

आज देश की पहली ए.आई आंगनवाड़ी का शुभारम्भ हुआ है, इससे बच्चों को और बेहतर शिक्षा व जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि बच्चे उसे समझ सके, सिर्फ रटाकृरटाया ज्ञान ना हो। उन्होने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों में संस्कृति और सभ्यता का भी ज्ञान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के साथ साथ महिलाऐं भी कुपोषित हैं, जब हमारी माताएं सशक्त बनेंगी तो हमारे बच्चे और देश भी सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी सहित अन्य संस्थाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पोषणयुक्त आहार प्रदान किया जाना चाहिये, जिससे वे सक्षम व मजबूत बन सकें और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकें। राज्यपाल जी ने कहा कि गर्भधारण के उपरान्त गर्भवती महिला सहित उनके परिवारजनों को चाहिए कि वे घर में स्वस्थ वातावरण रखें, कोई भी लड़ाई झगड़ा ना हो, अच्छी अच्छी किताबें पढ़ें और प्रेम के वातावरण में रहे, जिससे कि बच्चे पर उसका अच्छा असर पड़े और एक स्वस्थ बच्चे का जन्म हो सके। ये बच्चे आने वाले समय में एक सशक्त भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभायेंगे।

आज के कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने कहा कि जेलों में 80 प्रतिशत कैदी दहेज मामलों के हैं, हमें चाहिए कि हम ऐसे समाज का निर्माण करें जहां अपराध के लिए कोई जगह ना हो।

इस अवसर पर माननीय द्वारा एक किट आंगनवाड़ी कार्यकत्री को दिया गया और निर्देशित किया गया कि इस प्रकार की किट सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के डिजाईन के समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि बच्चों के लिए पेय जल, शौचालय, टॉयलेट आदि की सुविधा हो ताकि वे दूसरों पर निर्भर ना होकर बचपन से ही आत्मनिर्भर बन सकें।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदया द्वारा देश की प्रथम ए.आई. आधारित आंगनवाड़ी का उद्घाटन किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से विद्यार्थियों को पढ़ाने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक श्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा किये जा रहे कार्य और टाटा स्टील सहित अन्य के द्वारा आंगनवाड़ियों के निर्माण/पुनर्निर्माण कराये जाने का कार्य सराहनीय है। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गर्भधारण से शिशू के 03 वर्ष तक के होने पर गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति एवं कुपोषण से सम्बंधित जानकारी गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर श्री प्रशान्त राज, गर्वनरोटरी इन्टरनेशल डिस्ट्रिक्ट 3012 ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में इन छोटे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रयासरत रहें। हम इस प्रकार की कोशिश कर उनके सुनहरे भविष्य को उन्हें सरलता से पाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ियों का निर्माण एवं उन्हें किट वितरित करने वाली संस्थाओं श्री प्रशांत राज शर्मा डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटरी 3012, श्री विजय नाम देव डिस्ट्रिक्ट लिटरेसी कमेटी चेयरमैन रोटरी 3012, श्री आशुतोष प्रतिनिधि रोटरी इन्टर नेशनल, श्री विवेक चौबे प्रतिनिधि मुथूट फाईनेंस, श्री मनीष जैन प्रतिनिधि पारले एग्रो, श्री मनीष मिश्रा प्रतिनिधि टाटा स्टील, श्री अरूण अग्रवाल रोटरी साउथ एन्ड को माननीय राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 05 आंगनवाड़ी केन्द्रों श्रीमती मधु नगला, श्रीमती रूपवती अटौर, श्रीमती मुनाजारा कल्लूगढ़ी, श्रीमती बबीता भीकनपुर, श्रीमती मंजू अटौर को प्री स्कूल किट

वितरीत की गई। इसके साथ ही राज्यपाल महोदया द्वारा राजभवन से विद्यालय के लिए पाठ्य पुस्तकें प्रधानाचार्य श्री रविन्द्र कुमार को प्रदान की गई।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सुनीता दयाल द्वारा राज्यपाल जी का आभार प्रकट किया गया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बनाने से बच्चों के दिमाग का और तेजी से विकास होगा। कार्यक्रम के अंत में जनपदवासियों की तरफ से माननीय राज्यपाल महोदया को मण्डल आर्ट की 100 पुस्तकें भेंट की गयीं।

कृष्ण कुमार.सूचना अधिकारी

डॉ0 संगीता चौधरी राजभवन

सम्पर्क सूत्र.9454468250 / 9161668080